| म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>मुकदमा नम्बर – 83 / 2020<br>श्रीमती विधा देवी बनाम धर्मवीर वगै0<br>प्रार्थना पत्र पत्थरगढी अ0 धारा 111 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| .2021 | पत्रावली आदेश हेतु पेश हुई। प्रकरण के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि जमीन हाल खसरा नम्बर 625 रकबा 1.38 है0 ग्राम इंडाली तहत तहसील झुन्झुनू में स्थित है। उक्त जमीन में प्रार्थीया 1/3 हक हिस्से की सह खातेदार है। प्रार्थीया की जमीन के उत्तर दिशा में कटानी रास्ता है कटानी रास्ता के उत्तर में जमीन हाल खसरा नम्बर 541 व 537 स्थित है। खसरा नम्बर 537 के सह खातेदार अनावेदक संख्या 5 व 6 है। खसरा नम्बर 1352/541 रास्ता की जमीन है। प्रार्थीया विधा देवी ने अपने सह खातेदारी की जमीन हाल खसरा नम्बर 625 की प्रार्थीया ने दिनांक 06.07.2020 को नपती करवाई थी। प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर हाल खसरा नम्बर 625 वाके ग्राम इंडाली की उत्तरी दिशा की व दक्षिणी दिशा की पत्थर गढी फर्द मौका रिपोर्ट दिनांक 06.07.2020 के मुताबिक करवाये जाने का आदेश दिया जावे।<br>उक्तानुसार प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस मय प्रार्थना पत्र प्रति वास्ते जबाव देही तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 03 व 05 की तरफ से अधिवक्ता प्रकाश कुलहरी उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 1, 2 व 6 से 9 की तामिल विधिवत रूप से होने के बावजूद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर उनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। अप्रार्थी संख्या 03 व 05 ने जबाव प्रार्थना पत्र पेश कर प्रार्थना पत्र की धारा 3 नपती फर्द मौका दिनांक 06.07.2020 को अस्वीकार किया है तथा कथन किया कि 06.07.2020 को पटवारी मौके पर जाकर कोई नपती कर रिपोर्ट नहीं बनाई है तथा रिपोर्ट झुठी व मनगठंत होना अपने जबाव में अंकित किया है। हमने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात, राजस्व रिकार्ड व जबाव प्रार्थना पत्र अप्रार्थी संख्या 3 व 5 तथा फर्द मौका रिपोर्ट दिनांकित 06.07.2020 का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। फर्द मौका रिपोर्ट दिनांक 06.07.2020 में प्रार्थीया के अलावा अन्य किसी भी पक्षकारान के हस्ताक्षर नहीं है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर फर्द मौका रिपोर्ट 06.07.2020 पर अप्रार्थी संख्या 3 व 5 की आपत्ति आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर तहसीलदार झुन्झुनू को आदेशित किया जाता है कि जमीन हाल खसरा नम्बर 625 रकबा 1.38 है0 ग्राम इंडाली तहत तहसील झुन्झुनू की पत्थरगढी बाबत समस्त पक्षकारों को नियमानुसार नोटिस जारी कर पुनः सीमाज्ञान करवाते हुए मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढी करवाये। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 19.08.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br>Sd/-<br>19.08.2021 | |